भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1822

01 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

कर्नाटक में पीएम स्वनिधि योजना

1822. श्री कोटा श्रीनिवास पूजारी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में प्रधान मंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत अब तक कुल कितने लाभार्थी हैं;

(ख) कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि के लाभार्थियों की पृथक-पृथक संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) कर्नाटक में प्रधान मंत्री स्वनिधि ऋणों के पुनर्भुगतान की क्या स्थिति है;

(घ) पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत कर्नाटक में चुकाए गए ऋणों की कुल संख्या का अवधि-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण प्रदान किए गए अनुसूचित जाति के लाभार्थियों (एससीबी) का पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): 24 जुलाई, 2024 तक, कर्नाटक में पीएम स्वनिधि योजना के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या 3.73 लाख है।

(ख): 24 जुलाई, 2024 तक, कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में क्रमशः 12,098 और 4,575 पीएम स्वनिधि लाभार्थी हैं।

(ग): 24 जुलाई, 2024 तक कर्नाटक में संवितरित कुल ऋण 5.03 लाख हैं और चुकाए गए कुल ऋण 1.86 लाख हैं।

(घ): 24 जुलाई, 2024 तक कर्नाटक में पीएम स्वनिधि के तहत चुकाए गए ऋणों की संख्या पहली और दूसरी बार में क्रमशः 1,51,302 और 34,558 है।

(ङ): 24 जुलाई, 2024 तक, पीएम स्वनिधि योजना के तहत कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों (एससीबी) को क्रमशः 947 और 581 ऋण दिए गए हैं।

*****